उत्तर बिहार का सर्वाधिक लोकप्रिय हिन्दी दैनिक

प्रातः कमल

50 हजार पौधे लगाने की योजना : निदेशक विशालनाथ

इग्नू सेंटर में चल रहा सर्टिफिकेट और डिप्लोमा कोर्स

छाया : लालू

मुजफ्फरपुर (न.सं.)। मुशहरी स्थित राष्ट्रीय लीची अनुसंधान केंद्र में सोमवार को वार्षिक संवाददाता सम्मेलन का आयोजन किया गया। इसमें केंद्र के निद. शक विशालनाथ ने बताया कि केंद्र उत्पादन तकनीक के विकास, पौधा संरक्षण, प्रबंधन आदि पर काम कर रहा है।

उन्होंने भावी योजना के बारे में बताया कि इस वर्ष 50 हजार पौधे लगाने की योजना है। इसमें सिर्फ बिहार प्रदेश में 35 हजार पौधे लगाये जायेंगे। साथ ही लीची उत्पादन में आ रही परेशानियों को देखते हुए सीजन के समय में हेल्पलाइन नंबर चलाने की भी योजना है ताकि किसानों का सही मार्गदर्शन किया जा सके। केंद्र द्वारा दो पत्रिकाओं का भी प्रकाशन किया जाएगा। इसमें लीची समाचार और लीची न्यूज निकाली जाएगी। इसका प्रकाशन छह माह पर किया जाएगा। इसके अलावा एक वार्षिक पत्रिका लीची प्रगति निक. ाली जाएगी। इन सभी की जानक. ारी एनआरसीएलआइटीसीएसआई. ओआरजी बेबसाइट पर भी उपलब्ध होगी। जबकि अनुसंधान केंद्र द्वारा परिसर में ही इग्नू (इंदि. रा गांधी नेशनल ओपन यूनिवर्सिटी) का सेंटर खोला गया है। इसमें सर्टिफिकेट कोर्स में सर्टिफिकेट इन ऑर्गेनिक फार्मिंग और डिप्लोमा कोर्स में डिप्लोमा ऑन प्लांटेशन मैनजमेंट करवाया जा रहा है।

सर्टिफिकेट कोर्स के लिए किसी विषय से इंटर और डिप्लोमा कोर्स के लिए किसी भी विषय से स्नातक होना चाहिए। यह क्रमशः छह महीने और एक वर्ष का कोर्स होगा। इन कोर्स को करने वाले ग्रामीण छात्रों को 50 प्रतिशत तक अनुदान दिया जा रहा है। इस अवसर पर डॉक्टर एस. डी. पांडे, राजेश कुमार, एस.के. पूर्वे, अमरेंद्र कुमार, कुलदीप श्रीवास्तव, संजय कुमार, आर.के. पटेल, विनोद कुमार समेत कई वैज्ञानिक उपस्थित थे।